# आरयू के लीगल स्टडीज सेंटर में कल तक नामांकन

रांची : रांची विवि के कानूनी अध्ययन संस्थान (इंस्टिटयूट आफ लीगल स्टडीज) में बीबीए एलएलबी (आनर्स) में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी चांसलर पोर्टल पर जाकर अपना फार्म 15 जुलाई तक भर सकते है। फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को 11 बजे से 12 :30 बजे तक होगी। परीक्षा 100 अंकों की है। इस परीक्षा का केंद्र इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) होगा। इस परीक्षा में इंग्लिश लैंग्वेज, करेंट अफेयर्स सामान्य ज्ञान (जनरल नालेज), सामान्य अध्ययन (जनरल स्टडी), लीगल रीजनिंग / अवेयरनेस से प्रश्न पूछे जाऐ जाएंगे। (जासं)